दिनांक 29.06.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

पट्टा नवीनीकरण के लिए आज से लगा शिविर, आयुक्त सुंदरानी ने शिविर स्थल का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/छ.ग. शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों के भूमिविहीन व्यक्ति जिन्हे अधिनियम 1984 के तहत् आवासीय पट्टा प्रदान किया गया था! जिसकी 30 वर्षीय अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण किये जाने के हेतु आज दिनांक से 14 जुलाई तक निगम क्षेत्र में जोनवार प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाना है। नगरीय निकाय क्षेत्र में आबंटन किए गए 30 वर्ष के पट्टे की मियाद पूरी हो गई है , अब इन पट्टो का नवीनीकरण किये जाने हेतु राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर दुर्ग द्वारा जारी आदेश के परिपालन में आयुक्त सुंदरानी ने पट्टा नवीनीकरण शिविर लगाये जाने के लिए सम्पूर्ण निगम क्षेत्र को 4 ग्रुप में विभक्त कर शिविर के निर्देश जारी किये हैं। इसी के तहत आज जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत आने वाले नेहरू नगर पश्चिम अंतर्गत सियान सदन वार्ड क्रमांक 2 में आयोजित शिविर में कुल 23 पट्टा नवीनीकरण के लिए एवं सियान सदन भवन टाटा लाइन कोहका मे 02 पट्टा नवीनीकरण के लिए तथा जोन क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत मंगल भवन छावनी पुराना वार्ड 17 में कुल 12 पट्टा नवीनीकरण के लिए प्राप्त किए गए जिसकी उद्घोषणा पत्र भी शिविर स्थल में ही प्रकाशित की जानी है , पट्टा नवीनीकरण के लिए मूल पट्टा एवं आधार कार्ड की छाया प्रति सहित आवेदक जो पट्टाधारी आवासरत हैं उन्हें स्वयं उपस्थित होना है साथ ही जिन पट्टेधारियों के यहां कोई नहीं है उनके वारिसान उपस्थित हो सकते हैं!इसके साथ ही पट्टा नवीनीकरण होने के उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आने वाले घटक मोर जमीन मोर मकान के लिए भी संपर्क कर सकते हैं जिसके लिए शिविर स्थल पर ही उपस्थित वास्तुविद से भी जानकारी प्राप्त किया जा सकता है!नेहरू नगर शिविर स्थल में डिप्टी कलेक्टर प्रेमलता चंदेल पट्टा नवीनीकरण के लिए आए हुए आवेदकों को मार्गदर्शन देती रही!आयुक्त सुंदरानी ने बताया कि शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक चिन्हित स्थल पर लगाया जायेगा जहां प्रत्येक वार्ड के लिए अलग-अलग काउंटर स्थापित किए गए हैं जिसमें वार्डवार कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उन्होने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शिविर दिवस पर निर्धारित समय में स्थल पर उपस्थित होकर अपने पट्टे का नवीनीकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त करे!शिविर स्थल के निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता आरके साहू, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 बीके देवांगन, जोन आयुक्त जोन क्रमांक 4 संजय बागड़े सहित अन्य मौजूद रहे!

जल है तो कल है जल ही जीवन है!

जनसम्पर्क अधिकारी